卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐 卐 जय बाबा की 卐 卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 281 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦19 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR
SALE, PURCHASE
RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE
WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4,
Adarsh Colony, Rudrapur

## दर्दनाक हादसाः करेंट से 15 लोगों की मौत

### नमामी गंगा प्रोजेक्ट की साइट पर अचानक फैला करेंट, सीएम ने दिये जांच के आदेश

चमोली(उद संवाददाता)। बुधवार सुबह चमोली में अलकनंदा नदी के साइट पर अचानक करंट फैलने से हड़कम्प मच गया। हादसे में करीब 15 अस्पताल भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि हादसा ट्रांसफार्मर फटने से हुआ था। जिसके बाद परिजनों ने साइट पर आकर खोजबीन की। तब सामने आया ग्रामीण भी साइट पर पहुंच गए। जब लोग यहां पहुंचे तो पुलिस मामले की जांच कर







किनारे बड़ा हादसा हो गया। चमोली बाजार के समीप नमामि गंगे प्रोजेक्ट की लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है। कई लोग झुलसने से गंभीर हैं। उन्हें है। पता चला है कि रात में यहां रहने वाले केयर टेकर का सुबह फोन नहीं लग रहा कि केयर टेकर की मौत हो चुकी है। सूचना मिलते ही परिजनों के साथ कई रही थी। इस दौरान वहां से करंट फैल गया। जिसकी चपेट (शेष पृष्ठ 7 पर)

## चोरी की 14 बाइकों सहित पांच वाहन चोर गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के पांच सदस्यों को चोरी की 14 बाइकों के साथ गिरफ्तार किया है। क्षेत्र में बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने टीम गठित कर वाहन चोर गिरोह को पकड़ने के निर्देश दिये थे। जिसके तहत कोतवाली पुलिस की टीम ने वाहन चोरी की घटनाओं का अवलोकन करते हुए सीसी टीवी कैमरों एवं अन्य स्रोतों से छानबीन की। एसपी सिटी ने खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस टीम ने वाहन चोरी की घटनाओं को लम्बे समय से अंजाम दे रहे शिवम यादव उर्फ सिम्मी यादव पुत्र नैत्रपाल यादव निवासी वार्ड न0 14 शनि मन्दिर के पास भदईपुरा ,सचिन पाल पुत्र उमा सिंह उर्फ बाबू राम निवासी वार्ड न0 16 गढ्ढा कालोनी थाना रुद्रपुर ,विशाल उर्फ झीगा पुत्र रामप्रसाद निवासी वार्ड न0 21 रम्पुरा ,सचिन यादव उर्फ छिद्दा पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी वार्ड न0 14 भदईपुरा ,भगवान बाबू शर्मा पुत्र रामदेव शर्मा निवासी वार्ड न0 12 दूधियानगर को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी की 14 मोटरसाईकिलें और बाइक चोरी करने में प्रयुक्त किया जाने वाला कटर बरामद कर लिया। पकड़ने वाली (शेष पृष्ठ सात पर)

## कल्याणी नदी में डूबा युवक ,तलाश जारी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भारी बारिश के बाद उफान पर आई कल्याणी नदी में रम्पुरा निवासी एक युवक बह अनुसार कल्याणी नदी में बीती शाम बारिश का पानी उफान पर आ गया। इससे कई निचले इलाकों में जलभराव हो नदी के पास गया था इसी दौरान वह पानी डूब गया। सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी मौके पर पहुंच गये





गया। एसडीआरएफ की टीम उसकी तलाश में जुटी है। लापता युवक के परिजनों में कोहराम मचा है। जानकारी के गया। बुधवार सुबह रम्पुरा इमली मोहल्ला क्षेत्र में रम्पुरा वार्ड नंबर 22 निवासी युवक राजेंद्र कोली पुत्र ओमप्रकाश कल्याणी उन्होंने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन व आपदा प्रबंध केंद्र को सुबह सूचना दी। जिसके बाद टीम (शेष पृष्ठ सात पर)

## केंटीन संचालक पर तमंचे की बट से किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि शमशानघाट रोड शिवनगर में स्थित सरकारी केंटीन के संचालक पर दो भाईयों ने तमंचे की बट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर होने पर आस पड़ोस के लोगों के आ जाने से हमलावर धमकी देते हुए भाग गये। लोगों ने उनसे तमंचा छीन लिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राजकुमार पुत्र इन्द्र सागर निवासी शिवनगर ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि उसकी सरकारी कैंटीन शिवनगर शमशान घाट रोड वार्ड 7 में है। पड़ोसी दुकानदार उससे मार पीट करते है तथा अन्य लोगो को (शेष पृष्ठ सात पर)

## वृद्धा पर हथौड़े से हमला करने वाली नकाबपोश महिला गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिनों आवास विकास क्षेत्र में घर में मौजूद बुजुर्ग महिला को जान उसे मारे की नीयत से उसपर हथौड़े से हमला कर फरार हुई नकाबपोश महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि जान से मारने की नीयत से बुर्जुग महिला श्रीमती पूनम भाटिया(55 वर्ष) पत्नी स्व. रामचन्द्र भाटिया निवासी आवास विकास को हथौड़े से वार करने वाली दुस्साहसी पड़ोसी महिला रवलीन कौर पत्नी रमनदीप सिंह निवासी आवास विकास जगतपुरा रोड नियर शिव मंदिर थाना ट्रांजिट कैंप उधमसिंह नगर को पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने



बताया कि 11 लुलाई को दीपक भाटिया पुत्र स्व. रामचन्द्र भाटिया निवासी आवास विकास थाना ट्राजिट कैम्प ने थाना आकर रपट दर्ज कराई कि अज्ञात महिला द्वारा घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से हथौड़े से वार कर उसकी माता को गम्भीर रुप से घायल कर दिया गया। अभियुक्ता की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। जिसके द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई साथ हा अन्य साक्ष्य जुटाये गये। जिसके पश्चात अभियुक्ता रवलीन कौर पत्नी रमनदीप सिंह निवासी मकान नं0 ईडब्लूएस 461 आवास विकास जगतपुरा रोड नियर शिव मंदिर थाना ट्रांजिट कैंप को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में निरीक्षक सुन्दरम शर्मा, उनि नीमा बोहरा,कानि. राकेश खेतवाल, दिनेश चन्द, महेन्द्र डगवाल, पंकज सजवाण शाकमिल थे। अभियुक्ता के पास से हमले में प्रयुक्त हथोडा, रस्सी आदि बरामद हुए। उन्होंने बताया कि पूछताछ में रवलीन कौर ने बताया कि उसका पति एवम दीपक भाटिया आपस में बचपन के दोस्त थे और दीपक भाटिया की मां उसके पति को अपना बेटा की तरह मानती थी। पति एवम दीपक भाटिया एक ही कंपनी (शेष पृष्ठ सात पर)

## दुकान में भड़की आग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंगलवार रात्रि मुख्य बाजार में अग्रवाल धर्मशाला गली में स्थित एक दुकान में आग लग जाने से हजारों का सामान जल कर राख हो गया। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार खुशी एन्क्लेव निवासी दिलीप बत्रा पुत्र स्व. नन्दलाल बत्रा का अग्रवाल धर्मशाला गली में आई स्पाई सीसीटीवीं




सिक्योरिटी नाम से प्रतिष्ठान है। उन्होंने बताया कि गत रात्रि करीब 9 बजे वह दुकान बंद कर घर वापस गये थे। कुछ देर बाद उनके पड़ोसी ने उन्हें फोन कर बताया कि दुकान से धुआं निकल रहा है। जिस पर वह परिजनों के साथ(शेष पृष्ठ सात पर)

## सामिया बिल्डर्स के खिलाफ धोखाधड़ी के दो और केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सामिया लेक सिटी के मालिक , निदेशक व अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले दर्ज होने का सिलसिला निरंतर जारी है। अभी तक करीब एक दर्जन मामले दर्ज हो चुके हैं। अब दो और मामले दर्ज कराये गये हैं। आवास विकास रूद्रपुर निवासी इकबाल अहमद पुत्र अलाउद्दीन ने दर्ज रपट में सामिया कालोनी के मालिक जमील अहमद खान पुत्र रजा खान निवासी दिल्ली, डायरेक्टर सगीर अहमद खान पुत्र शकील ओमद निवासी गाजियाबाद, मो. तस्लीम खानपुत्र मो. अली निवासी शहदौरा, पुलभट्टा, मो. काजी, चमन गुर्जर, जोशी जी व कैशिर कम्पनी में काम करने वाले अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध कहा है कि उसे 200 फीट प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी से उसकी साली से 9.60 लाख रूपये हड़प लिये और प्लाट नहीं दिया। जब रूपये वापस मांगे तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं एक अन्य मामले में खगेन्द्र गुप्ता पुत्र गंगाराम गुप्ता निवासी हरिदासपुर, दिनेशपुर ने सामिया के मालिक जमील अहमद, डायरेक्टर सगीर अहमद, मो. हासिम, चमन गुर्जर, सैफउल्ला, तस्लीम (शेष पृष्ठ सात पर)

## गुरुद्वारा में चोरों का धावा ,दानपात्र खंगाला

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।कुछ रोज पहले भारतीय स्टेट बैंक ,शक्तिफार्म शाखा में हुई लूट की कोशिश की गुत्थी अभी सुलझी नही थी कि अब चोरो ने गुरूद्वारा में धावा बोलकर दानपात्र से कैश चोरी कर लिया। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के तिलियापुर ग्रामसभा स्थित गुरुद्वारा पर मंगलवार देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर खिड़की में लगी जाली काट दी और अंदर दाखिल हो गये। चोरों ने दानपेटी में साल भर से जमा हुई धनराशि पर हाथ साफ कर लिया। बुधवार प्रातः 4:45 पर रोज की भाँति जब गुरुद्वारा की सेवादार बलजीत कौर गुरुद्वारा पहुंची तो देखा की जाली कटी हुयी थी,नजर जब दानपेटी पर पड़ी तो ताला टूटा देख वह हैरान रह गयी। उन्होंने घटना की जानकारी गुरूद्वारा कमेटी उपाध्यक्ष गुरदेव सिंह को दी। घटना की खबर मिलते ही काफी लोग गुरूद्वारे पर एकत्र हुए और आस–पास में खोज बीन कर जानकारी जुटानी की कोशिश की गयी पर कोई सुराग हाथ नही लगा। गुरुद्वारा कमेटी के उपाध्यक्ष द्वारा चौकी शक्ति में तहरीर सौप कार्यवाही की मांग की गयी है।



## शातिर चोर को किया गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। अपराधिक वारदात को अंजाम देने की नियत से चहलकदमी कर रहे एक शातिर चोर को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार चोर का पुलिस द्वारा चालान करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस क्षेत्र में अपराधियों की टोह ले रही थी इसी दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने (शेष पृष्ठ सात पर)

# अंकित को नाग से डंसने वाला सपेरा गिरफ्तार
# प्रेमिका माही समेत चार हत्यारोपी नेपाल फरार


**अंकित की मौत का हुआ राजफाश: दोनों पैरों के पिछले हिस्सो में दो बार सांप से डंसवाया था**

**हल्द्वानी से कार में शव डालकर गौला बाईपास रोड पर तीनपानी के पास छोड़कर भाग गये थे**











हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नैनीताल पुलिस ने हल्द्वानी में होटल कारोबारी अंकित चौहान की मौत को लेकर सनसनीखेज वारदात का खुलासा किया है। कोबरा से डसवाकर प्रेमिका ने ही उसकी हत्या कराई थी। पुलिस ने सपेरे को गिरफ्तार कर लिया है। कारोबारी की प्रेमिका समेत चार आरोपी फरार हो गए हैं। उनके नेपाल भागने की आशंका जताई जा रही है। एसएसपी पंकज भट्ट ने मंगलवार को हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि रामपुर रोड स्थित रामबाग निवासी होटल कारोबारी अंकित चौहान का शव शनिवार की सुबह तीनपानी रेलवे क्रॉसिंग के पास उसकी कार की पिछली सीट पर मिला था। दो डॉक्टरों की टीम से पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें अंकित के दोनों पैरों पर सांप के डसने के निशान मिले। दोनों पैरों पर एक ही जगह निशान होने पर पुलिस को शक हुआ। इसके बाद अंकित के बारे में पड़ताल की गई तो पता चला कि उसकी एक प्रेमिका है जो गोरापड़ाव डिबेर के पास रहती है। अंकित के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली गई तो बरेली रोड गोरापड़ाव क्षेत्र में रहने वाली माही आर्या उर्फ डॉली का नाम सामने आया। इस बीच अंकित की बहन ईशा चौहान ने हत्या का आरोप लगाते हुए माही और हल्दूचौड़ निवासी दीप कांडपाल के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। नैनीताल पुलिस के अनुसार 15 जुलाई को तीनपानी गोलापास रोड़ पर एक कार के अन्दर संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति के होने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ की गयी तो उक्त स्थान पर वाहन स0-यू0के 04 क्यू-1574 नीले रंग की पोलो कार जिसका ईंजन व ए0सी0 स्टार्ट दशा में था जिसकी पिछली सीट पर एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा था जिसकी शिनाख्त अंकित चौहान पुत्र धर्मपाल चौहान निवासी मन बी -11 रामबाग कालोनी रामपुर रोड़ हल्द्वानी के रुप में हुई ,जिसे अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया मौके पर प्रथम दृष्टया मृतक के शरीर में कोई चोट आदि के निशान नही थे जिससे उक्त व्यवसायी की मृत्यु स्पष्ट नही हो पा रही थी। 17 जुलाई को वादिनी ईशा चौहान की तहरीर के आधार पर कोतवाली हल्द्वानी पर मुकदमा अपराध संख्या 369/23धारा 302 भादवी पंजीकृत कर विवेचना प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी के सुपुर्द की गई।मृतक अंकित की पोस्टमार्टम पंचायतनामा की कार्यवाही में बारीकी से निरीक्षण करने पर पाया गया कि उसके दोनों पैरों के पिछले हिस्से में दो बार सांप के काटने के सर्पदंश के निशान थे पोस्टमार्टम में डॉक्टर द्वारा भी सर्पदंश की पुष्टि की गयी।जिससे अंकित की मृत्यु का कारण संदेहास्पद प्रतीत होने पर पंकज भट्ट एस0एस0पी0 नैनीताल द्वारा तत्काल अधीनस्थों के साथ मीटिंग कर घटना के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा करते हुए एवं पोस्टमार्टमकर्ता चिकित्सकों से मृत्यु के कारणों के सम्बन्ध में जानकारी करने के उपरान्त घटना के समस्त पहलुओं की गहनता से जाँच करने हेतु अधीनस्थों को निर्देश दिये गये। पंकज भट्ट , एस0एस0पी0 नैनीताल द्वारा हरबन्स सिंह एसपी सिटी हल्द्वानी, भूपेन्द्र सिंह धौनी क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी के परिवेक्षण में अंकित की मृत्यु के संबन्ध मे घटनास्थल व उसके आस पास सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन करने, मोबाइल सर्विलांस सैल डाटा डम्प करने,घटनास्थल एवं मृतक की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं क्षेत्र में पतारसी सुरागरसी करने हेतु तत्काल 04 टीमों का गठन किया गया एंव स्वंय जाँच का निकट पर्यवेक्षण किया गया ।गठित पुलिस टीमों द्वारा घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरो का गहनता से अवलोकन किया गया मोबाइल सर्विलांस टीम द्वारा मृतक के कॉल डिटेल की संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर मृत्यु से पूर्व अंकित के सम्पर्क में आये व्यक्तियो का डाटा तैयार किया गया। पूछताछ टीम द्वारा मृतक के दोस्तों रिश्तेदारों व आस पड़ोस में पूछताछ की गयी। समस्त टीमों द्वारा किये गये प्रयासों से एँव घटनास्थल से पूर्व वाहन के उक्त स्थल पर पहुँचने तक के समस्त रूटों का सीसीटीवी से रूट मैप तैयार करने एंव पारम्परिक पुलिसिंग के माध्यम से एकत्र की गयी सूचनाओं के आधार पर यह तथ्य संज्ञान में आये कि मृतक का किसी महिला के साथ सम्बन्ध था एंव उक्त महिला एंव उसके साथी अंकित को काफी समय से ब्लैकमेल कर रहे थे। इसी तथ्य पर जाँच को केन्द्रित करते हुए समस्त टीमों द्वारा जाँच की गयी तो यह तथ्य संज्ञान में आये कि मृतक अंकित चौहान का माही नाम कि एक महिला के साथ मित्रता थी एंव घटना की तिथि में अंतिम समय वह माही के घर के लिए निकला था एंव अगले दिन उसका शव कार से बरामद हुआ। अंकित एँव माही तथा अन्य संदिग्धों की कॉल डिटेल का अवलोकन करने पर कुछ संदिग्ध नम्बरों की डिटेल निकालकर उनकी तलाश जारी रखी गयी तो इसी क्रम में घटना कि तिथि को लगातार माही के सम्पर्क में रहे एक संदिग्ध नम्बर जो कि रमेश नाथ के नाम से था जिसके सम्बन्ध में जानकारी करने पर यह ज्ञात हुआ कि उक्त व्यक्ति हल्द्वानी में किराये पर रहता था जो कि सपेरा है एंव साँप पकड़ने का कार्य करता है शक होने पर आज उक्त व्यक्ति को हल्द्वानी से पकड़ा गया एंव सख्ती से पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा हत्या कि साजिश का खुलासा किया गया। **हत्या का कारण, साजिश एँव तरीका:** अभियुक्त रमेश नाथ ने बताया कि वह हल्द्वानी में मानपुर पश्चिम में निवास करता है एंव घर-घर जाकर माँगने खाने एंव साँप पकड़ने का कार्य करता है। लगभग 7-8 माह पूर्व हल्द्वानी के एक व्यक्ति द्वारा मुझे माही से मिलवाया गया था एंव मुझे यह कहा था कि इस पर कालसर्प योग है तो पूजा हेतु एक नाग आपको पकड़कर लाना है। इसके कुछ समय बाद मेरा माही के घर आना जाना हो गया था। माही के घर पर ही अक्सर अंकित चौहान, दीप काण्डपाल एँव उसकी नौकरानी तथा नौकरानी का पति रामऔतार आते रहते थे। लगभग 20-25 दिन पहले हम सभी लोग माही के घर में थे तो माही एँव दीप काण्डपाल ने मुझसे कहा कि अंकित चौहान ने माही का जीना हराम कर दिया है वह कभी भी माही के घर पर आ जाता है और शराब पीकर इसके साथ काफी मारपीट करता है और दीप ने कहा कि माही अब मुझसे प्यार करती है लेकिन यह अंकित चौहान पीछा नही छोड़ रहा है, अब इसको निपटाना ही पड़ेगा, फिर इन्होनें मुझसे कहा कि अगर हम इसे ऐसे मारते हैं तो पुलिस हम पर शक करेगी इसलिए तुम एक जहरीला साँप पकड़कर ले आना हम अंकित चौहान को किसी बहाने से माही के घर बुलाकर उसे नींद की गोलियाँ देकर बेहोश कर देंगे और तुम साँप से उसे कटवा देना जिससे उसकी मृत्यु सामान्य सर्पदंश की घटना लगे इस काम के हम तुम्हें दस हजार रूपये भी देंगें और माही तथा दीप काण्डपाल ने माही की नौकरानी तथा उसके पति रामऔतार को भी दस-दस हजार रूपये देने की बात कही थी। मैं इन सबकी बात सुनकर हत्या की साजिश में शामिल हो गया और फिर मैंने 15-20 दिन पहले जंगल से एक जहरीला नाग पकड़ कर अपने पास रख लिया और यह बात माही एंव उसके साथियों को बता दी तो उन्होंने कहा तुम साँप अपने पास रखे रहो जैसे ही हमें मौका मिलेगा हम अंकित को घर बुला लेंगे। फिर 8 जुलाई को माही ने मुझे अपने घर पर साँप लेकर बुलाया और कहा कि आज अंकित का जन्मदिन है वह यहाँ आयेगा तुम घर में ही छुप जाओ मौका देखकर मैं तुम्हें बुला लूँगी। उस दिन अंकित चौहान घर पर आया और रामऔतार तथा उसकी बीवी भी माही के घर पर आ गये फिर ये सब लोग खाना पीना खाकर शराब पीकर रात भर नाचते रहे जब काफी देर तक अंकित चौहान सोया नही तो माही ने मुझसे कहा कि आज मौका नही है मैं किसी और दिन का प्लान करती हूँ। 14 जुलाई को दिन में माही ने मुझे फिर से साँप लेकर अपने घर पर बुला लिया और माही के घर पर माही के साथ दीप काण्डपाल, रामऔतार एंव उसकी पत्नी भी मौजूद थी । फिर माही ने सबको समझाया कि तुम सब लोग अन्दर मन्दिर वाले कमरे में छुप जाओ जब अंकित चौहान घर पर आयेगा तो मैं उसे आज नींद की गोलियाँ बहाने से पिला दूँगी फिर तुम्हें बुला दूँगी। रात लगभग 08.00 बजे माही ने दीप कान्डपाल, रामऔतार और उसकी बीवी को बुला और फिर कुछ देर बाद मुझे भी आवाज देकर बुलाया मैं अपने साथ एक टोकरी में नाग लेकर जब माही के कमरे में पहुँचा तो मैंने देखा कि इन चारों ने कम्बल डालकर अंकित को बेड पर पेट के बल लिटा रखा था और सब लोग अंकित को दबाये हुए थे फिर इन्होंने मुझसे कहा कि इसके पैरों में साँप से डसवा दो फिर इनके कहने पर मैंने योजना के अनुसार अंकित के पैर पर साँप से डसवाया जब कुछ देर तक भी अंकित के शरीर में हरकत होती रही तो इन्होंने कहा कि शायद जहर का असर नही हुआ है फिर मैंने दोबारा अंकित के पैर में साँप से डसवाया और ये लोग अंकित के मरने तक उसको दबाये रहे। फिर कुछ देर बाद जब अंकित मर गया तो उसके शव को उसकी कार में रखकर पहले उसे भुजियाघाट से नीचे खाई में फैंकने के लिए लेकर गये थे लेकिन सम्भव ना होने पर उसके शव को उसकी कार में ही गौला बाईपास रोड पर तीनपानी के पास छोड़कर भाग गये थे। माही ने पहले से ही दिल्ली से टैक्सी कार मँगा रखी थी जिससे हम सभी लोग हल्द्वानी से भाग गये। भागते समय रास्ते में जंगल में मेरे द्वारा साँप को छोड़ दिया गया था। माही ने रास्ते में मुझे हत्या में सहयोग करने के लिए शर्तानुसार दस हजार रूपये दिये थे फिर मैं अपने गाँव जाकर हल्द्वानी आया ही था कि आपने मुझे पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम- रमेश नाथ पुत्र भजन नाथ निवासी ग्राम अदकटा थाना भोजीपुरा बरेली हाल निवासी मानपुर पश्चिम हल्द्वानी जनपद नैनीताल। फरार अभियुक्त-माही उर्फ डौली आर्या पुत्री इन्द्रलाल निवासी शान्तिविहार कालौनी गौरापड़ाव हल्द्वानी नैनीताल। दीप काण्डपाल निवासी हल्दूचौड़ थाना लालकुँआ जनपद नैनीताल। रामऔतार पुत्र लालाराम निवासी गाँव हैदरगंज पीलीभीत उप्र।मती ऊषा देवी पत्नी रामऔतार निवासी उपरोक्त। पुलिस टीम में हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी वउनि विजय मेहता कोतवाली हल्द्वानीवउनि महेन्द्र प्रसाद कोतवाली हल्द्वानी नन्दन सिंह रावत थानाध्यक्ष कालाढूंगी नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष वनभूलपूरा। प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम। उनि जगदीप सिंह नेगी चौकी प्रभारी मंगल पड़ाव । उ0नि गुलाब सिंह चौकी प्रभारी मण्डी। उ0नि0 दिनेश चन्द्र जोशी चौकी प्रभारी राजपुरा। एएसआई लखविन्द सिंह । हे0का0 इसरार नबी, सीसीटीवी। कानि0 02 अरुण राठौर चौकी मण्डी। कानि0 वंशीधर जोशी कोतवाली हल्द्वानी। कानि0 प्रदीप सिंह कोतवाली हल्द्वानी। कानि0 घनश्याम रौतेला कोतवाली हल्द्वानी। कानि0 भगवान सैलाल कोतवाली हल्द्वानी। एसओजी टीम राजवीर सिंह नेगी प्रभारी एसओजी। हे0का0 त्रिलोक रौतेला। कानि0 अनिल गिरी। कानि0 भानुप्रताप। कानि0 अशोक रावत। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा खुलासा करने वाली टीम के उत्साहवर्द्धन हेतु 5000 रूपये के नगद पारितोषिक से पुरूस्कृत किया गया ।


वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट से मिला पत्रकार प्रेस परिषद का शिष्ट मण्डल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद का प्रतिनिधि मण्डल मंगलवार को पत्रकारों की समस्याओं को लेकर केन्द्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट से मिला और उन्हें ज्ञापन प्रेषित कर समस्याओं के निराकरण की मांग की। मंगलवार शाम कलेक्ट्रेट पहुंचे केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री से पत्रकार प्रेस परिषद का शिष्ट मण्डल कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी के नेतृत्व में मिला। इस दौरान प्रतिनिधि मण्डल ने तहसील स्तर पर पत्रकारों को मान्यता देने, रूद्रपुर प्रेस क्लब भवन का जीर्णोद्धार कर उसका उपयोग मीडिया कर्मियों के हित में करने, जिला पत्रकार स्थाई समिति की बैठक नियमित रूप से पूर्व की तरह कराने, मान्यता प्राप्त पत्रकारों को रेल यात्रा में दी जाने वाली छूट को बहाल करने सहित अन्य समस्याओं के निस्तारण की मांग की। श्री भट्ट ने तहसील स्तर पर पत्रकारों को मान्यता दिलाये जाने सहित पत्रकारों के हितों से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री से वार्ता करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मण्डल ने जिले में प्रस्तावित पत्रकार प्रेस परिषद के सम्मेलन में



बतौर अतिथि पधारने के लिए केन्द्रीय मंत्री से समय भी मांगा। जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने कार्यक्रम में पहुंचने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मण्डल में कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी के साथ परमपाल सुखीजा, जगदीश चन्द्र, पत्रकार प्रेस परिषद जिला नैनीताल अध्यक्ष उर्वा दत्तभट्ट, उपाध्यक्ष दीपक बिष्ट,शिवा कन्याल आदि भी शामिल थे।

# परिवर्तित यातायात व्यवस्थाओं का आईजी ने किया स्थलीय निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत दिनों पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र डॉ. नीलेश आनन्द भरणें द्वारा हल्द्वानी की नगर की यातायात व्यस्था को सुधारने हेतु एण्टी न्यूसेंस स्क्वाड का गठन किया गया था जिनके कार्यों की समीक्षा करने आईजी कुमायूँ मौके पर पहुंचे और भौतिक निरीक्षण किया। आईजी डा. नीलेश आनंद भरणे ने सर्वप्रथम डॉ. सुशीला तिवारी हास्पिटल के आगे हटाये गये अतिक्रमण का निरीक्षण किया। जिसमें टीम ने बताया कि अवैध रुप से फड, ठेली, दुकानों द्वारा किये गये अतिक्रण को हटाया गया। वर्तमान में उस खाली जगह पर एम्बुलेंस, मरीजों के तीमारदारों, ई- रिक्शा, आटो, हेतु अलग-अलग स्टैण्ड बनाये गये है। उस स्थान पर सुव्यवस्थित पार्किंग हेतु पार्किंग बोर्ड लगवाये गये है। एफटीआई तिराहे के पास भी अतिक्रण हटाकर पार्किंग हेतु मरीजों व तीमारदारों हेतु सुव्यवस्थित पार्किंग बनाकर पार्किंग बोर्ड लगवाये जा रहे है। सरगम टाकेज के बाहर वर्तमान में पैट्रोल पम्प तक अतिक्रमण मुक्त कराकर ऑटो, ई-रिक्शा स्टैण्ड का विस्तार गया है तथा चेतावनी दी गयी है कि अगर कोई भी ई- रिक्शा, ऑटो स्टैण्ड से हटकर सवारी बैठाता या उतारता पाया जाता है तो उसे सीज किया जायेगा । यदि सरगम कुमायूँ ने बसों के परिचालकों द्वारा मंदिर के पास सवारियों को उक्त स्थान पर न उतारकर सीधे रोडबेज स्टेशन व निधारित स्थान पर उतारने हेतु उत्तराखण्ड परिवहन विभाग हल्द्वानी के प्रबन्धक के साथ गोष्ठी करने हेतु निर्देशित किया।



टाकीज पर स्थापित स्टैण्ड पर ऑटो, ई-रिक्शा की संख्या क्षमता से अधिक होती है तो उन्हें एचएन इण्टर कालेज के सामने खाली करायी गयी जगह पर पार्क कराया जायेगा। कालू साईं मंदिर के पास सडक को जाम मुक्त करने हेतु आईजी उन्होंने इन्टर सिटी बसों के संचालकों को हिदायत दी कि उनको आवंटित निर्धारित स्थान पर ही सवारियों को बैठायें या उतारे। निर्धारित स्थान के बाहर सवारी बैठाते या उतारते पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# जिला स्तरीय अंडर 14 टीम के लिये बास्केटबॉल के खिलाड़ी चयनित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला स्तरीय 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक बालिकाओं का चयन संपन्न संपन्न हुआ। जिसमें जनपद उधम सिंह नगर के काशीपुर, बाजपुर, रुद्रपुर क्षेत्र के स्कूलों के लगभग 4 दर्जन छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया में छात्र छात्राओं का एंडोरेंस टेस्ट स्किल टेस्ट तथा फिटनेस टेस्ट लिए गए। चयनित किए गए छात्र-छात्राएं



आगामी 23 जुलाई को देहरादून में होने वाले राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। चयन प्रक्रिया में बास्केटबॉल के विशेषज्ञ जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव रमेश लोहानी, सुधा जोशी, हरीश तुरीहा, अखिल चंदोला चयनकर्ता के रूप में उपस्थित थे। उत्तराखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रदेश की टीम प्रशिक्षण शिविर के उपरांत राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो पांडिचेरी में आयोजित की जानी है में प्रतिभाग करेंगी। उक्त अवसर पर डॉ. राजेश कुमार, स्पोर्ट्स स्टेडियम के हैंडबॉल प्रशिक्षक रघु रावत, रघुवीर सिंह एथलेटिक कोच, मनोज बॉक्सिंग कोच उपस्थित थे।

# एसडीएम ने लोगों को जलभराव से दिलाई निजात

किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा अपने कार्य के प्रति काफी गंभीर रहते हैं और इसी वजह से लोगों के बीच एक लोकप्रिय, ईमानदार अधिकारी के रूप में एक अपनी अलग पहचान रखते हैं। इससे पूर्व भी कई मामलों में लोकप्रियता हासिल कर चुके हैं। बरसात के कारण किच्छा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए उप जिलाधिकारी दिन रात अपनी तमाम टीम के साथ मौके पर ही खड़े रह कर काम को अंजाम देते रहे। उनके इस तरह



आम जनता के लिए जिम्मेवारी का निर्वहन करने के लिए आम जनता भी प्रशंसा कर रही है। बरसात के चलते जगह-जगह बरसात का पानी भरने की सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा और तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी अपने अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने पानी निकासी के लिए जेसीबी मशीन के माध्यम से शांतिपुरी, जवाहर नगर, नगला नगर पचायत के पानी की निकासी के लिए नाला खुदवाया ओर पानी निकासी करवाई ।जिसके बाद नेशनल हाईवे-74 बनखंडी कालोनी के पास पानी भरे होने व निकासी न होने पर तत्काल रुप से जेसीबी मशीन, पोकलैंड मशीन से नाला खुदवाया। साथ ही नेशनल हाईवे से सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर राय शुमारी भी की।

# विधायक प्रतिनिधि ने लिया जलभराव का जायजा

किच्छा (उद संवाददाता)। विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने नगर के वार्ड संख्या 1 स्थित नालंदा स्कूल के समीप वा शांतिपुरी खामिया नंबर 2 सहित जवाहरनगर में हो रहे जलभराव का निरीक्षण किया। विधायक प्रतिनिधि ने किच्छा की गोला नदी पर हो रहे कटाव, नगर में हो रहे जलभराव के लिए उप जिला अधिकारी तहसीलदार व लोक निर्माण विभाग के एई से वार्ता कर नगर में जलभराव की समस्या से निपटने को लेकर वार्ता की इस दौरान विधायक



प्रतिनिधि ने कहा कि आज उन्होंने किच्छा वार्ड नंबर 1 नालंदा स्कूल बनखंडी कॉलोनी शांतिपुरी नंबर दो में हो रहे जलभराव को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर नगर में हो रहे जलभराव से प्रशासनिक अधिकारियों को वाकिफ कराया। वही प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वार्ड नंबर 1 में बनखंडी कॉलोनी में हो रहे जलभराव को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नाला बना कर पानी निकासी कराए जाने का मौके पर जाकर जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, धर्मेंद्र सिंधी, सुनीता कश्यप, दलजीत, ओमप्रकाश दुआ, डिंपल, दानिश मलिक, सोनू तमाम लोग मौजूद रहे।

# नगला तक मार्ग निर्माण का स्टीमेट बनाने के निर्देश

## मार्ग के निर्माण से हजारों लोगों को मिलेगी राहत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मेयर रामपाल सिंह की मांग पर केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने नैनीताल हाईवे से अटरिया रोड होते हुए नगला तक जाने वाले करीब 13 किमी मार्ग को केन्द्रीय योजना में शामिल कर लिया है और इसका निर्माण करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्टीमेट बनाने के आदेश दिये हैं। बता दें नैनीताल हाईवे से अटरिया रोड होते हुए नगला तक जाने वाले करीब 13 किमी मार्ग का निर्माण लम्बे समय से लटका हुआ है। इसके निर्माण की मांग को लेकर कई बार लोग धरना प्रदर्शन भी कर चुके हैं। लेकिन इसके लिए बजट नहीं मिल पा रहा था। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित दिशा की बैठक के दौरान मेयर रामपाल सिंह ने क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट के समक्ष इस मार्ग का मुद्दा उठाते हुए इसे केन्द्रीय योजना में शामिल करने की मांग की। जिस पर अजय भट्ट ने सहमति जताते हुए मार्ग के निर्माण के लिए लोनिवि के अधिकारियों को जल्द स्टीमेट बनाने के आदेश दिये। केन्द्रीय मंत्री के आदेश के बाद अब इस मार्ग के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मेयर रामपाल सिंह ने इस पर केन्द्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के निर्माण का हजारों लोगों को लाभ मिलेगा।

# डीसीएम की टक्कर से बालक की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम अनियंत्रित डीसीएम की चपेट में आकर बच्चे की हुई अकाल मृत्यु के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे आज परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अचानक घटित घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक ग्राम बड़ी बरखेड़ी थाना आईटीआई निवासी रामरतन का 11 वर्षीय पुत्र शनी गत मंगलवार की शाम लगभग 4:30 बजे घर से पैदल दुकान पर सामान लेने जा रहा था इसी दौरान उधर से होकर द्रुतगति चली जा रही डीसीएम संख्या यूके 18 सीए/4853 कि चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से बच्चे को टक्कर मार कर उसे गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया। इस दौरान मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने आरोपी डीसीएम चालक को वाहन समेत कब्जे में ले लिया। उधर दुर्घटना की चपेट में आए बालक को जब तक लोग अस्पताल ले जाते उसने दम तोड़ दिया। मृतक दो भाइयों में छोटा था। उसका एक बड़ा भाई 19 वर्षीय अमन है। अचानक घटित घटना को लेकर परिवार में शोक व्याप्त है।

# 21 युवकों ने लिया केशों की बेअदबी ना करने का संकल्प

गदरपुर(उद संवाददाता)। मुगलकाल में दबंग राजशाही द्वारा केश सहित खोपड़ी उतारकर शहीद किए गए भाई तारु सिंघ के शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में 21 युवाओं को केशों की बेअदबी ना करने का संकल्प करवाते हुए उपहार स्वरूप धार्मिक पुस्तकों का वितरण किया गया । ग्राम नवाबगंज स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर में शहीदों की याद में कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जत्थेदार बाबा अनूप सिंघ ने कहा कि शहीद भाई तारु सिंघ द्वारा अपने केशों की बेअदबी नहीं होने दी जबकि अपनी खोपड़ी उतरवा दी गई ,उन्होंने कहा ,लाहौर के सूबेदार जकरिया खान द्वारा मुखबिर की झूठी सूचना पर भाई तारु सिंघ को गिरफ्तार कर लिया गया उन पर आरोप लगाया गया कि वह अपने घर में आने जाने वाले भूखे प्यासे लोगों को भोजन पानी से सेवा करते हैं जबकि भाई



तारु सिंघ अपनी मां और बहन के सहयोग से मेहनत मजदूरी खेती करके जो कुछ अनाज पैदा होता था अपनी जरूरत के लिए रख कर बाकी जरूरतमंदों की सहायता के लिए खर्च करते थे मुखबिर की सूचना पर उन्हें गिरफ्तार करके लाहौर लाया गया। जहां धर्म तब्दील किए जाने का फरमान जारी कर दिया गया और इनकार करने पर उनके केसों को काटने का आदेश दिया गया। परंतु आदेश को दरकिनार कर उनकी केश सहित खोपड़ी उतार दी गई। अरदास में भी भाई तारु सिंघ को सम्मान पूर्वक नमन किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संचालक देवेंद्र सिंघ और सिख प्रचारक सभा के सदस्य कविश्री जत्था भाई देविंदर सिंघ ताज द्वारा किया गया । 21 युवकों को बांटी गई पुस्तकों की सेवा समाजसेवी हरविंदर सिंघ ग्रोवर द्वारा की गई । इस मौके पर आयुर्वेदाचार्य ध्यान सिंघ पंछी के अलावा परमजीत सिंघ,मनमीत कौर,बलविंदर सिंघ,गुरजीत सिंघ, अमनदीप सिंघ,गुरबचन सिंघ, अजीत सिंह,गगन सिंह बाजवा, साहब सिंघ,अमरीक सिंघ,पाल सिंघ,जसवीर सिंघ,जसवीर सिंघ, सतनाम सिंघ,उत्तम सिंघ आदि शामिल थे ।

# शिव मंदिर में भंडारा आयोजित



गूलरभोज(उद संवाददाता)। रेलवे फाटक शिव मंदिर गूलरभोज में शिव भक्तों ने शिव मंदिर में भंडारा लगाया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राजीव कुमार गुप्ता गोविंद धपोला, रोशन दहूजा, लक्ष्मण गिरी, सुरेंद्र कुमार, राधेश्याम, श्री राम, विकी, बंटी, रोहित, पिंटू, मिथुन आदि लोग उपस्थित थे।

# 'कीड़ा जड़ी' के व्यवसायिक संरक्षण व संवर्धन में नाकाम 'उत्तराखंड'

## राज्य की बेशकीमती औषधीय संपदा भेजी जा रही देश के बाहर, विदेशी कंपनियों की पौ-बारह ,उत्तराखंड सरकार को लग रही राजस्व की मोटी चपत

-अर्श-

रूद्रपुर। उत्तराखंड के सीमांत जिलों के उच्च हिमालय क्षेत्र में पाई जाने वाली बेशकीमती औषधि कीड़ा जड़ी, जो हिमालयन गोल्ड एवं हिमालयन वियाग्रा के नाम से भी प्रसिद्ध है, पर उत्तराखंड सरकार कि कोई स्पष्ट एवं कारगर नीति ना होने के कारण ,जहां सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं राज्य के सीमांत जिलों के बाशिंदों की आर्थिकी भी इससे खासा प्रभावित हो रही है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि एक ओर उत्तराखंड सरकार स्थानीय लोगों को कीड़ा जड़ी का खुले बाजार में क्रय विक्रय करने पर जेल में डाल रही है ,वहीं दूसरी ओर सरकारी नियमों की विसंगति का फायदा उठा कर कीड़ा जड़ी का ऑनलाइन व्यापार करने वाली विदेशी कंपनियां सरकार के नियंत्रण से पूरी तरह बाहर हैं। बताना होगा कि उत्तराखंड के भीतर खुले बाजार में कीड़ा जड़ी की खरीद-फरोख्त की अनुमति नहीं है और इसे सरकार द्वारा विहित नियमों के अधीन ही संग्रहित एवं विक्रय किया जा सकता है, परंतु देखने में आया है की सरकार द्वारा कीड़ा जड़ी के संग्रह के निमित्त बनाई गई व्यवस्था अब पूरी तरह बे पटरी हो गई है। ना तो सरकार द्वारा निर्देशित संस्थान कीड़ा जड़ी खरीद ही रहे हैं और ना ही कीड़ा जड़ी का संग्रह करने वाले स्थानीय लोगों को इसके वाजिब दाम ही मिल पा रहे हैं। सरकारी व्यवस्था की ऐसी तमाम विसंगतियों एवं अस्पष्टता

का लाभ अमेजॉन एवं फिलिपकार्ड जैसी विदेशी ऑनलाइन कंपनियां खुलकर उठा रही हैं और कीड़ा जड़ी और तथा उससे संबंधित उत्पाद घर घर पहुंचा कर न केवल स्थानीय लोगों के हितों पर कुठाराघात कर रही हैं, बल्कि सरकार को राजस्व का मोटा चूना भी लगा रही हैं। बता दें कि कीड़ा जड़ी उत्तराखंड में पाई जाने वाली एक बेहद मूल्यवान एवं गुणकारी औषधि है। इसे कई नामों से जाना जाता है, अंग्रेजी में इसे कैटरपिलर फंगस कहते हैं नेपाल और चीन में इसे यार्सागुंबा के नाम से जाना जाता है।यही नहीं इसे भारत में कीड़ा जड़ी के साथ- साथ हिमालयन गोल्ड और हिमालयन वियाग्रा के नाम से भी पुकारा जाता है। कीड़ा जड़ी उच्च हिमालय क्षेत्र में करीब 3500 मीटर से लेकर 5000 मीटर की ऊंचाई तक पर मिलती है। इसकी लंबाई करीब 2 इंच तक होती है और यह स्वाद में मीठी होती है। यह आधा कीड़ा और आधा जड़ी के रूप में होती है इसलिए इसे कीड़ा जड़ी कहते हैं। इस कीड़े की उम्र करीब 6 महीने की होती है इस पर फंगस लगने के बाद यह जमीन के नीचे दम तोड़ देता है। कुछ समय बाद यह फंगस कीड़े के मुंह से निकलकर जमीन के बाहर बढ़ने लगती है। इसी हिस्से को देखकर लोग इसे बाहर निकालते हैं। कीड़ा जड़ी में मौजूद प्रचुर मात्रा में प्रोटीन और कॉपर जैसे खनिज इसे कई बीमारियों के लिए मेडिसिनल रूप में उपयोगी बनाते हैं। इसके अलावा यौन शक्ति बढ़ाने और रोग वर्धक क्षमता बढ़ाने के लिए भी इसका महत्व माना जाता है। इन्हीं सभी खूबियों के कारण दुनिया भर में इसकी भारी डिमांड है।उत्तराखंड के कई जिलों में इसकी बहुतायत उपलब्धता है। इनमें उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, चमोली, चंपावत और बागेश्वर जिले शामिल हैं। सबसे ज्यादा पिथौरागढ़ जिले में इसकी उपलब्धता है और यहां कई गांवों की आर्थिकी भी इससे सीधे तौर पर जुड़ी हुई है। माना जाता है कि सीजन में कई गांव इसी की बदौलत अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 30 लाख प्रति किलो तक आंकी गई है, जबकि उत्तराखंड में करीब 8 से 10 लाख रुपए प्रति किलो तक इसे बेचा जाता है। बावजूद इसके राज्य सरकार की तरफ से इस बेशकीमती जड़ी-बूटी को लेकर कोई भी स्पष्ट नियम अभी तक तय नहीं किया जा सका है। हालांकि एक समय भेषज संघ को इसके कलेक्शन की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन स्पष्ट कार्ययोजना ना होने एवं समुचित आर्थिक प्रबंध ना होने के कारण 2 साल कलेक्शन करने के बाद अब भेषज संघ ने भी इसको लेकर हाथ खड़े कर दिए हैं। शुरुआती दौर में वन पंचायतों के प्रधान और सरपंच के माध्यम से लोगों को इसके कलेक्शन के लिए अधिकृत किया जाता था। उसके बाद भेषज संघ इनसे कीड़ा जड़ी तय कीमतों पर लेने लगा। आगे चलकर बाद डीएफओ के जरिए इस कीड़ा जड़ी का ऑक्शन किया जाने लगा। लेकिन अब यह व्यवस्था भी पूरी तरह से पटरी से उतरती हुई दिखाई दे रही है। नतीजतन तस्करी के जरिए उत्तराखंड से कीड़ा जड़ी को बाहर ले जाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त इस बहुमूल्य संपदा को लेकर राज्य सरकार का कोई स्पष्ट नजरिया ना होने के कारण इस प्राकृतिक संपदा का बेतरतीब दोहन हो भी रहा है। नेपाल और चीन में कीड़ा जड़ी की कीमत उत्तराखंड की तुलना में लगभग तीन गुनी है, लिहाजा स्थानीय लोगों की मदद से यह कीड़ा जड़ी तस्करी के जरिए राज्य से बाहर जा रही है और सरकार का इस पर कोई ध्यान नहीं है। कहने की जरूरत नहीं की कितना कीड़ा जड़ी की खुले बाजार में बिक्री की अनुमति देकर उत्तराखंड सरकार न केवल इस बेशकीमती औषधि संपदा को राज्य से बाहर जाने से रोक सकती है, अपितु कीड़ा जड़ी को सीमांत ग्रामीणों की आर्थिकी का एक प्रमुख आधार भी बना सकती है।अब बड़ा सवाल यह है की सरकार इस दिशा में कब विचार करेगी?

# केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट ने आपदाग्रस्त क्षेत्रों का लिया जायजा

काशीपुर(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने काशीपुर के आपदा ग्रस्त क्षेत्र हेमपुर इस्माइल का दौरा किया। इस दौरान आपदा ग्रस्त क्षेत्र के स्थलीय निरीक्षण करते हुए



श्री भट्ट ने अधिकारियों को आपदा राहत में तेजी लाने के निर्देश दिए। मंगलवार की सुबह बरसात के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट काशीपुर के आपदा ग्रस्त क्षेत्र हेमपुर इस्माइल में पहुंचे जहां उन्होंने पूरे क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से बातचीत की। श्री भट्ट ने आपदा राहत के तहत किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली साथ ही लोगों से भी प्रशासन द्वारा की जा रही मदद के बारे में पूछा। श्री भट्ट ने प्रभावित क्षेत्र में राहत सामग्री वितरण सहित अन्य कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। श्री भट्ट ने कहा कि उन्होंने मौके पर स्थानीय लोगों से बातचीत की सरकार और प्रशासन की त्वरित मदद से लोग संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि इस परेशानी के समय में पूरी सरकार और प्रशासन प्रभावित परिवारों के साथ हर संभव मदद के लिए खड़ा है। इससे पूर्व श्री भट्ट ने सोमवार की देर रात्रि तक राध` हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आपदा प्रभावित परिवारों से बातचीत की और उनका हाल जाना। श्री भट्ट महाविद्यालय में शिफ्ट किए गए प्रभावित परिवारों से जमीन में बैठकर मिले। जहां उन्होंने प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री और चेक भी वितरित की। इस दौरान श्री भट्ट ने प्रभावित परिवारों से कहा कि सरकार पूरी तरह से दिन-रात प्रभावितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उनकी हर संभव मदद की जा रही है और आगे भी उन्हें जो भी दिक्कतें होंगी सरकार हर संभव मदद करेगी। आपदा प्रभावित परिवारों से बातचीत में परिवार जनों ने भी कहा कि वह सरकार और प्रशासन की मदद से खुश है क्योंकि तेजी के साथ प्रशासन ने उन्हें शिफ्ट करने का कार्य किया है। गौरतलब है कि बीते दिनों लगातार हुई बारिश की वजह से काशीपुर में नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हो गए थे जहां रेस्क्यू कर बाढ़ प्रभावित परिवार जनों को आपदा प्रभावित कैंप में शिफ्ट किया गया है।

# चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्यायें

गदरपुर(उद संवाददाता)। सरकार जनता के द्वार के तहत जन समस्याओं के निराकरण हेतु चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें 46 शिकायतें/आवेदन दिये गये। मंगलवार की देर सायं विकास खंड गदरपुर के अन्तर्गत बरेली नगर नं.2 ग्राम पंचायत सरोवर नगर के राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय बरेली नगर नगर नंबर दो में डा. पंकज कुमार पांडेय सचिव लोक निर्माण विभाग, औद्योगिक विकास (खनन) की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा जन समस्याओं को सुना गया तथा यथासंभव निराकरण भी किया गया। जिन समस्याओं का निराकरण तत्कार नहीं हो सका उसके निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करने संबंधित विभाग अधिकारियों दिशा निर्देश दिये गये। चौपाल में ग्राम प्रधान श्रीमती निशा कम्बोज के द्वारा सड़क निर्माण, आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय बरेली नं.2 में अध्यापक की नियुक्ति, खेतों से गुजर रही विद्युत लाईन को हटाने के लिए आवेदन किया गया। ग्राम प्रधान कनकटा गुरविन्दर सिंह ने मुख्य मार्ग निर्माण संबंधी, क्षेत्र पंचायत सदस्य झगड़पुरी सलविन्दर सिंह कलसी ने जल भराव की समस्या व सड़क निर्माण, लेखराज व ग्रामवासियों ने नहर की सफाई हेतु आवेदन दिया। उप प्रधान मोतियापुरा जसपाल सिंह ने डामर रोड निर्माण हेतु शिकायती पत्र दिया। चौपाल में कुल 46





शिकायते/ आवेदन दर्ज किये गये। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पांडेय, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, संयुक्त मजिस्ट्रेट सुश्री अनामिका सिंह, एसडीएम राकेश चन्द्र तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चन्द्र त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी, तहसीलदार श्रीमती नीतू डागर सहित विभिन्न विभागों के जनपद/खंड स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सार्वजनिक शौचालय का किया शुभारम्भ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम रुद्रपुर की ओर से जिला न्यायालय परिसर में सार्वजनिक हाईटेक शौचालय का निर्माण किया गया। जिसका शुभारम्भ मंगलवार को माननीय



जिला न्यायाधीश प्रेम सिंह खिमाल, मेयर रामपाल सिंह, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एम.पी.तिवारी,सचिव श्रीमती सुशीला मेहता, पूर्व अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर में हाईटेक शौचालय का मेयर रामपाल सिंह के साथ निरीक्षण कर साफ सफाई की तारीफ की तथा शौचालय स्थापित किये जाने पर नगर निगम की सराहना की और स्वच्छता को लेकर सभी से जागरूक होने का आहवान किया। इस अवसर पर बार ऐसोसिएशन के अध्यक्ष एमपी तिवारी ने हाईटेक शौचालय स्थापित करने पर मेयर रामपाल सिंह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इसकी जरूरत लम्बे समय से महसूस की जा रही थी। हाइटेक शौचालय स्थापित होने से न्यायालय आने वाले वादकारियों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि रूद्रपुर महानगर को स्वच्छता में उच्च पायदान पर लाना उनकी प्राथमिकता है। पूर्व में स्वच्छता के मामले में नगर निगम की जो रेटिंग थी उसमें लगातार सुधार हो रहा है। हमारा प्रयास है कि रूद्रपुर शहर स्वच्छता के मामले में एक मॉडल के रूप में विकसित हो। इसके लिए नगर निगम स्तर से हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक होने की जरूरत है। इस अवसर पर परिवार न्यायाधीश नीतू जोशी, तृतीय जिला जज मीना दोउपा, सीजीएम युसूफ खान, पूर्व सचिव शिव कुंवर, डीएन जयसवाल, अजय यादव, गुरबाज सिंह, कमल तड़काल, गौरव पाल, सुरेंद्र नरूला, शुभम गगनेजा आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकली हरि नाम संकीर्तन शोभायात्रा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। इस्कॉन रुद्रपुर द्वारा जेसीज स्कूल गंगापुर रोड चौराहे से लेकर दक्ष एनक्लेव मंदिर तक हरि नाम संकीर्तन शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में कृष्ण भक्त नाचते गाते हुए चल रहे थे। ढोलक मजीरा की ध्वनि के बीच हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे की मधुर धुन एवं मधुर संकीर्तन से पूरा माहौल कृष्णमय हो गया। शोभायात्रा में सबसे आगे भगवा थामे हुए विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी चल रहे थे। समाजसेवी सुशील गाबा, रोशन अरोरा गोपाल पटवारी ने क्षेत्र के गणमान्य समाजसेवियों के साथ शोभा यात्रा का फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया, प्रभु की आरती उतारकर वंदन किया। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर पांडे, समाजसेवी सुशील गाबा, मनोज छाबड़ा, गोपाल सिंह पटवाल, रोशन अरोड़ा, कुलदीप खुराना,





विराट आर्य, अविनाश चौधरी, सोम मुंजाल, सतीश मुंजाल, रिपुदमन मिश्रा, रामअवतार राजपूत, बलजीत सिंह गिल, देव मेनन, राजेंद्र ग्रोवर, सुधा पटवाल, कुसुम गंगवार, रंजीता अनेजा, प्रभा रावत, सोनम मल्होत्रा, सरिता मुंजाल, सरोज मुंजाल, राकू सनातनी, आदि सहित सैकड़ों भक्तजन मौजूद थे।

# ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में विलम्ब करने वालों पर होगी कार्रवाई: भट्ट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। काशीपुर में रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में विलम्ब करने वालों की शिकायत संबंधित विभाग के केंद्रीय मंत्री से की जाएगी। यह बात केंद्रीय रक्षा एवम पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में दिशा की बैठक लेते हुए कही। श्री भट्ट ने 3 माह बीतने पर भी आरडीएसओ लखनऊ तथा पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा ब्रिज की अभी तक जांच न होने पर श्री भट्ट ने एनएच के अधिकारियों को रेलवे से की गए पत्राचार की प्रति उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में विलम्ब करने वालों के खिलाफ कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग के केंद्रीय मंत्री से शिकायत की जाएगी।जी-20 के अंतर्गत हटाए गए दुकानदारों को अन्यत्र बसाने हेतु भूमि चिन्हित करने के सम्बन्ध में आवशायक दिशा निर्देश प्रशासन को दिए।उन्होंने काशीपुर (ठाकुरद्वारा-रामनगर) बायपास निर्माण हेतु तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दिए। जनप्रतिनिधियों ने शिकायत करते हुए कहा कि शौचालय निर्माण हेतु वीडीओ तथा वीपीडीओ के साइन करने में ग्रामीणों को दिक्कत आती है और विभिन्न क्षेत्रों चम पटवारियों द्वारा अधिक आय के प्रमाणपत्र निर्गत किए जा रहे हैं। जिसपर जिलाधिकारी ने शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन कार्यों हेतु परिवार रजिस्टर की नकल जारी करने वाले ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को ही सत्यापित करने का आदेश जारी कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि आय प्रमाणपत्र हेतु जिला स्तर से चेक लिस्ट जारी की जाएगी ताकि इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त न हों। श्री भट्ट ने पीएमईजीपी योजनान्तर्गत इच्छुक एवम जरूरतमंद युवाओं को अधिक से अधिक लाभान्वित करने एवम स्वरोजगार से जोड़ने के निर्देश महाप्रबंधक उद्योग को दिए।श्री भट्ट ने रुद्रपुर बायपास निर्माण कार्य के लिए भूमि विवादों के निस्तारण हेतु एसएलओ के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए। श्री भट्ट ने काशीपुर में बाढ़ की स्थिति से निपटने एवं किये गए राहत एवं बचाव कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए सभी का हौंसला अफजाई की।विधायक शिव अरोरा ने रुद्रपुर में केंद्रीय विद्यालय खुलवाने हेतु आवश्यक 5 एकड़ भूमि चिन्हित कराने तथा विद्यार्थियों हेतु राजकीय इंटर कॉलेज खोले जाने की मांग की, जिसपर श्री भट्ट ने केंद्रीय विद्यालय हेतु राजस्व विभाग को सर्वे करने तथा विद्यालय हेतु शासन में पत्राचार करने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिए।श्री भट्ट ने विधायक शिव अरोरा की मांग पर अंत्योदय राशन काड्र्स का कोटा बढ़ाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश पूर्ति विभाग के अधिकारियों को दिए। मेयर रामपाल सिंह ने नगर निगम रुद्रपुर में अमृत योजनान्तर्गत किए गए कार्यों की शिकायत की, जिसपर श्री भट्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हर घर तक पेयजल पहुंचना चाहिए और जहां पर भी प्रेशर की दिक्कत हो, उसे दूर किया जाए।मेयर ने रुद्रपुरदृकाशीपुर हाइवे पर छोटे व गलत पौधों का चयन कर लगाने की शिकायत की, जिसपर श्री भट्ट ने रोड पर अच्छी जीवन प्रत्याशा वाले आकर्षक एवम हरियाली वाले पौधों का चयन कर, लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि अमृत योजनान्तर्गत पेयजल कनेक्शन हेतु शासन द्वारा धनराशि को घटाकर चार हजार रूपये के स्थान पर पांच से रूपये कर दिया है। बैठक में विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, उषा चौधरी, ब्लॉक प्रमुख ममता जल्होत्रा, विधायक किच्छा प्रतिनिधि गौरव बहेड़, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, पीडी हिमांशु जोशी, आईएएस ट्रेनी अनामिका, नगर आयुक्त विवेक राय, बीजेपी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, कमल जिंदल, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के अलावा राजेश कुमार, अमित नारंग, परमजीत सिंह पम्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# अशोक लेलैंड कंपनी के खिलाफ किया प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अशोक लेंलैड कंपनी के वाहन से हुई युवक की मौत के मामले में एक साल बाद भी मुआवजा नहीं मिलने पर परिजनों समेत तमाम लोगों ने कंपनी के गेट पर जमकर प्रदर्शन किया। बता दें करीब एक वर्ष गदरपुर निवासी गौरव नाम के युवक की रात साढे 11 बजे गदरपुर रोड हाईवे पर अशोका लेलैंड कंपनी के चेसिस ट्रक की टक्कर से मौत हो गयी थी। मृतक युवक घर का इकलौता चिराग था। उस पर मां और बहन की भरण पोषण की भी जिम्मेदारी थी। आरोप है कि चेसिस वाहन मानकों के विपरीत सड़क पर चल रहा था उसमें लाईट भी नहीं थी। कंपनी के वेंडर से कई बार मुआवजे के लिए बात की गयी लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी परिवार को मुआवजा नहीं मिला है। जिससे गुस्साये लोगों ने मंगलवार को अशोका



लेलैंड कंपनी के गेट पर प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मृतक युवक के परिवार के सामने भर पोषण का संकट खड़ा हो गया है। घर में बूढ़ी मां हैं और मृतक की बहन की शादी होनी है। इसके बावजूद परिवार को कोई मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जल्द ही कार्रवाई मुआवजा नहीं दिया गया तो कंपनी के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जायेगा और अशोका लेलैंड कंपनी से निकलने वाले वाहनों को सड़क पर नहीं चलने दिया जायेगा। विरोध प्रदर्शन में में पहुंचे छात्र नेताओं ने भी आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

श्री बांके बिहारी की कृपा से
श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा
दिनांक-30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक
● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था
प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये
यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।
सम्पर्क करे-7248133444,8476003072

KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ !
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसौं (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682 चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666 पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084 रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर
गुरूनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# आतंकवादी संगठनों के मददगार

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की समस्या अब भी एक जटिल स्वरूप में कायम है । यहां आतंकवाद का मुख्य कारण है कि इसे पर्दे के पीछे से संचालित करने वाले गिरोहों को कई बार वहां के कुछ स्थानीय लोगों का साथ मिल जाता है। हालांकि राज्य में आतंकवाद की समस्या के लंबे समय से बने रहने का खमियाजा लगातार उठाने के बाद वहां के ज्यादातर लोगों के बीच इसकी हकीकत और नतीजों को लेकर एक स्पष्ट राय बनी है और अब वे आमतौर पर आतंकियों का साथ नहीं देते हैं। लेकिन कुछ लोग अब भी दुष्प्रचार के प्रभाव में आकर आतंकी संगठनों का मददगार बनने को तैयार हो जाते हैं। ऐसे ही तीन लोगों को जम्मू-कश्मीर सरकार ने नौकरी से बर्खास्त कर दिया है, जो आतंकवादियों के सहायक बने हुए थे। इनमें कश्मीर विश्वविद्यालय का एक जनसंपर्क अधिकारी, एक पुलिसकर्मी और एक राजस्व सेवा का अधिकारी शामिल हैं। बर्खास्त कर्मचारियों पर पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों के साथ काम करने, उनके लिए धन जुटाने और उनकी विचारधारा का प्रचार करने का आरोप है। यह न केवल उसी व्यवस्था के खिलाफ अभियान चलाना है, जो उनके जीवनयापन का जरिया भी है, बल्कि एक तरह से यह देश विरोधी गतिविधियों में भी शामिल होना है। ऐसे लोग आतंकवाद का सामना करने के सरकार के प्रयासों को एक तरह बाधित करते और इस समस्या को जटिल बनाते हैं। इसलिए अगर आरोपों की पुष्टि के बाद सरकार ने इनके खिलाफ कार्रवाई की है तो इसे एक स्वाभाविक प्रक्रिया कहा जा सकता है। हालांकि नौकरी से बर्खास्तगी ऐसी प्रवृत्ति के खिलाफ एक सख्त संदेश है, लेकिन जरूरत इस बात की भी है कि आतंकवाद की संगठित गतिविधियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष मदद पहुंचाने की कोशिश में लगे ऐसे लोगों की पहचान करके उन पर लगातार नजर रखी जाए। दरअसल, पिछले कुछ सालों से आतंकवादी संगठनों के तंत्र को खत्म करने के मकसद से राज्य की पुलिस और सुरक्षा बलों ने जमीनी स्तर पर उनकी पनाहगाहों को खत्म करने की दिशा में भी काम किया है। इसके तहत स्थानीय आबादी में घुसपैठ करके लोगों को प्रभावित करने और उन्हें आतंकी संगठनों का मददगार बनाने की कोशिशों को रोकना एक अहम पहल थी। इस काम में सुरक्षा बलों को खासी कामयाबी भी मिली और स्थानीय लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ एक ठोस मोर्चा बनाने में अपनी ओर से भी रुचि दिखाई।जाहिर है, यह स्थिति पाकिस्तानी ठिकानों से भारत के खिलाफ अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकी संगठनों के लिए बड़ी अड़चन थी। शायद यही वजह है कि आतंकवादी संगठनों के कर्ताधर्ताओं ने सरकारी कर्मचारियों में अपनी घुसपैठ बनाई। अच्छी बात है कि खुफिया एजंसियों की नजर में कुछ लोग आ गए और उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकी। लेकिन यह घटना इस जरूरत को रेखांकित करती है कि स्थानीय आबादी के बीच सद्भाव, सहयोग और विश्वसनीयता अर्जित करने के साथ-साथ अवांछित गतिविधियों में शामिल लोगों पर भी निगरानी रखी जाए। कई बार ऐसे भावुक और कमजोर मनस्थिति वाले लोगों को अपना सहारा बना कर आतंकी संगठन उनका बेजा इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, जब ऐसे स्थानीय लोग खुफिया एजंसियों की नजर में आकर पकड़े जाते हैं तो आतंकी संगठन उन्हें उनके हाल पर छोड़ देते हैं। इसलिए एक ओर जहां सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर चौकसी और निगरानी तंत्र को हमेशा सक्रिय रखना चाहिए, वहीं आम लोगों को भी आतंकवादी संगठनों के प्रभाव से बचाने के उपाय होने चाहिए।

# हल्द्वानी से संचालित की जायेंगी 50 सिटी बसें : दीपक रावत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कुमाऊ मण्डल सम्भागीय परिवहन विभाग की समीक्षा में आयुक्त श्री रावत ने बताया कि सिटी बसें संचालित नहीं होने से आम आदमी को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। उन्होंने कहा एक व्यक्ति काठगोदाम से आम्रपाली जाता है तो उस व्यक्ति को तीन स्टापेज बदलने पडते है। सिटी बसों के संचालन होने से स्टापेज बदलने की समस्या का निराकरण साथ ही ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी। आयुक्त ने सम्भागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी को निर्देश दिये कि शीघ्र ही सिटी बसों के मार्ग के रूटों पर बसें संचालित किये जाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने बताया कि इसके पश्चात रूद्रपुर शहर में भी सिटी बसें रूटों पर चलाने हेतु सर्वे किया जायेगा। आयुक्त को बैठक में सम्भागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी ने बताया कि वाहन को निर्धारित गति सीमा से अधिक गति पर चलाना अथवा लाल बत्ती की अवहेलना करके आगे बढ़ना, वाहन चलाते समय मोबाइल से बात करना, मदिरा का सेवन कर वाहन चलाना, हैलमेट नही पहनने से वाहन चालक का लाईसेंस निलंबन की कार्यवाही की जाती है। आयुक्त ने आम जनता से अपील की है कि वाहन चालक सडक सुरक्षा के मददेनजर नियमों का पालन करें जिससे दुर्घटना के साथ ही लाईसेंस निलंबन की कार्यवाही से बचा जा सके। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2022-23 में कुल 376 करोड राजस्व की आय कुमाऊ मण्डल से प्राप्त हुई है। आरटीओ हल्द्वानी ने बताया कि शहर में मोबाइल से बात करने पर 830 लोगों का एवं हैलमेट नही पहनने पर 8437 लोगों का चालान किया गया। आयुक्त ने आरटीओ हल्द्वानी एवं अल्मोडा को निर्देश दिये हैं कि जिन लोगों का चालान हुआ है अधिकांश लोगों द्वारा आतिथि तक चालान की राशि ससमय जमा नही की है ऐसे लोगों को नोटिस देने के निर्देश बैठक में दिये। उन्होंने कुमाऊं मण्डल के सम्भागीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिये कि सडक सुरक्षा के सम्बन्ध में बैठक प्रत्येक माह आयोजित की जाए जिससे लोगों को वाहन चलाते वक्त जागरूक एवं दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों का चिन्हिकण कर दुर्घटनाओं पर लगाम लग सके। उन्होंने बैठक में निर्देश दिये कि वाहन दुर्घटनाओं में मृत्यु एवं घायलों को प्राथमिकता से सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा शीघ्र दिलाया जाए ताकि उनके परिवारों ही आर्थिक मदद समय से मिल सके। श्री रावत ने कहा कि कुमाऊ मण्डल में जितने भी प्रदूषण केन्द्र संचालित है उनका नियमित मानिटरिंग की जाए। बैठक में आरटीओ अल्मोडा डा0 गुरदेव सिंह ने बताया कि बागेश्वर, रानीखेत में कार्यालय के लिए भूमि का चिन्हिकरण कर लिया गया है भूमि आवंटित होने पर कार्यालय के भवनों का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा अल्मोडा में 08 ई-रिक्शों का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही आयुक्त ने बैठक में कर्मचारियों की स्थिति, कार्यालय के भवनों, राजस्व आय, दुर्घटना, लाईसेंस, प्राइवेज वाहनों का पंजीकरण आदि की समीक्षा की। बैठक में उपनिदेशक अर्थसंख्या राजेन्द्र तिवारी, आरटीओ संदीप सैनी, डा0 गुरदेव सिह आदि उपस्थित थे।



# घनेली ग्राम में पहली बार पहुंची गैस की गाड़ी

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक के प्रयासों से अल्मोड़ा विधानसभा की ग्रामसभा घनेली में प्रथम बार गैस सिलेंडर वितरण की गाड़ी पहुंची। विगत 12 जुलाई को जब पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक घनेली ग्रामसभा में जनसम्पर्क के लिए पहुंचे तब लोगों ने उनसे अपील की कि घनेली में गैस सिलेंडर वितरण वाहन नहीं आता है जिससे ग्रामवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।इस पर तत्काल श्री कर्नाटक ने दूरभाष पर नैनीताल के०एम०वी०एन० के अधिकारियों से बात कर अविलम्ब घनेली ग्रामसभा में गैस वितरण वाहन भेजे जाने की मांग की।जिस पर यह तय हुआ कि 19 जुलाई से प्रतिमाह गैस वितरण वाहन घनेली में भेजा जायेगा। गैस वितरण वाहन प्रथम बार घनेली ग्रामसभा में अन्तिम छोर तक पहुंचा जिससे ग्रामवासियों में बेहद प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला। विदित हो कि श्री कर्नाटक के द्वारा लगातार विधानसभा का भ्रमण कर दूरस्थ गांवों में जनसम्पर्क कर लोगों की समस्याएं जानी जा रही हैं तथा उनके निराकरण के लिए तत्काल सम्बन्धित से बात कर जन समस्याओं को दूर करने का भरसक प्रयास भी किया जा रहा है।इसके साथ ही श्री कर्नाटक के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान लगातार युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील भी की जा रही है एवं युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए उन्हें क्रिकेट, वालीबाल एवं फुटबाल किटों का वितरण भी किया जा रहा है।इस अवसर पर ग्राम प्रधान रेखा देवी, प्रधान प्रतिनिधि प्रकाश आर्य, हरीश चंद्र, सौरभ कुमार, पूर्व प्रधान कैलाश राम, रोहित शैली कांग्रेस प्रदेश महामंत्री अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ,हरीश जोशी,पप्पू जोशी, अभिषेक कुमार,इन्दर आर्या सहित अनेकों ग्रामवासी मौजूद रहे।



# एसटीएफ ने पकड़ा एक लाख का ईनामी बदमाश

## हरिद्वार में पुलिस कर्मियों को गोली मारकर हुआ था फरार

देहरादून (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ की मैनुअल पुलिसिंग ने अचूक प्रहार करते हुए एक लाख रुपए के ईनामी बदमाश को ग्राम कुंजा विकासनगर से गिरफ्तार कर लिया। यह एस टी एफ द्वारा गिरफ्तार किया गया चालीसवां कुख्यात ईनामी बदमाश है। एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि हरिद्वार चीता पुलिस के दो जवानों को गोली मार कर भागने वाले इस कुख्यात की गिरफ्तारी पर एक लाख रूपये का इनाम घोषित किया गया था।थाना लक्सर हरिद्वार क्षेत्र अंतर्गत एक सुनार को लूटने के दौरान चीता पुलिस से हुयी मुठभेड़ में पकड़े गये इनामी अपराधी ने कई राउण्ड फायर किए थे जिसमें चीता पुलिस के दो जवान घायल हो गये थे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने जानकारी देते हुये बताया कि जैसा कि 16.10.22 को जनपद हरिद्वार के क्षेत्र थाना लक्सर की चीता पुलिस के जवानो को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ बदमाश लक्सर कस्बे के एक सुनार को लूट के ईरादे से आये हुये है और वे संदिग्ध व्यक्ति दुर्गा मन्दिर ओवर ब्रिज लक्सर के नीचे घूम रहे है। इस सूचना पर चीता पुलिस के दो जवान का. सुरेन्द्र शर्मा व का.. पंचम को लक्सर वालावाली पुल के नीचे एक मोटर साईकिल में सवार तीन संदिग्ध व्यक्तियों को देखकर उन्हें रोककर पूछताछ करने लगे तो वो अचानक चीता पुलिस पर फायर करते हुये भागने लगे। इस मुठभेड़ के दौरान इनमे से एक बदमाश को का. सुरेन्द्र शर्मा ने दबोच लिया था किन्तु उसके अन्य साथियों द्वारा फिर चीता पुलिस पर जान से मारने की नीयत से कई राउण्ड फायर कर दिये इस दौरान कानि. पंचम के पैर में गोली लग गयी और वो पकड़ा गया व्यक्ति अपने साथियों के साथ भागने लगा। गोली चलाने वाले व्यक्ति का. पंचम प्रकाश द्वारा लडखड़ाते हुये उसका पीछा कर रहा था इसी बीच वहीं मौके पर पहुंचीं थाना लक्सर की दूसरी चीता में तैनात कर्मचारी कानि. सतेन्द्र व का. राजेन्द्र ने अपनी मोटर साईकिल से कां. पंचम प्रकाश के साथ तीनों बदमाशों का पीछा किया तो तीनों बदमाषों द्वारा उक्त चीता कर्मियों पर भी जान से मारने की नीयत से फायर कर दिये। जिसमें से एक



गोली एक अन्य कानि. राजेन्द्र सिंह पैर पर लग गयी तथा वह बदमाश पप्पू नर्सिंग होम के पास एक पीले रंग की अपाचे मोटर साईकिल पर सवार दो अन्य बदमाशो के साथ फायर करते हुये भाग गये। उन्होंने बताया कि इस घटना में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 5 बदमाशो साबिर, अताउल खान, नौशाद, जावेद व 5 फुरकान प्रकाश में आये। जिनमें से मोटर साईकिल व असलाह उपलब्ध कराने वाले दो अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ ही हरिद्वार पुलिस द्वारा घटना में सम्मलित अपराधी नौशाद, अताउलखान व शबिर को गिरफ्तार किया जा चुका था। मुख्य अपराधी फुरकान अभी कुछ दिन पूर्व एसटीएफ द्वारा बिहार से गिरफ्तार किया गया। इस घटना में एक अन्य शातिर बदमाश जावेद पुत्र इदरीस निवासी ग्राम लंडौरा गुर्जर, थाना रामपुर मनिहारन, जिला सहारनपुर की गिरफ्तारी हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा एक लाख रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि जावेद को पकड़ने के लिए टीम गठित की गयी जिनके द्वारा मैनुवली जावेद के सम्बन्ध में सूचनाओं को संकलित करना प्रारम्भ किया तथा टीम विगत वर्ष 2022 से ही उक्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये प्रयासरत थी। हरियाणा, पश्चिम उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान आदि पर दबिश दी जा रही थी। इसी दौरान जानकारी प्राप्त हुई जावेद का एक भाई विकासनगर कालसी मे आम के बगीचे मे काम कर रहा है। पुलिस द्वारा इस पर भी नजर रखी जा रही थी। उन्होंने बताया कि फिर यह जानकारी मिली कि जावेद की ससुराल कुंजा मे है। एसटीएफ पुलिस टीम विगत कुछ दिन पूर्व से कुंजा मे डेरा डाले हुई थी व अंदेशा था कि जावेद अपनी पत्नी को मिलने कभी कभी आता है।एसटीएफ को जानकारी मिली कि जावेद ग्राम कुंजा विकास नगर में अपनी ससुराल में आया हुआ है। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम अबुल कलाम के नेतृत्व मे विकासनगर गयी व थाना विकासनगर की स्थानीय पुलिस की मदद लेकर एसटीएफ की टीम द्वारा जावेद के ससुराल मे दबिश दी गयी तो जावेद पुलिस देखकर पीछे दीवार कूदकर भागने लगा जिसे मौके पर ही पकड़ कर गिरफ्तार किया गया। जावेद पर उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश में एक दर्जन से भी अधिक संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम में निरीक्षक अबूल कलाम,उनि याजवेन्द्र बाजवा, उनि दिलबर नेगी, उनि विघादत्त जोशी, अउनि प्रदीप चौहान, हेका. बृजेन्द्र चौहान, संजा कुमार, महेन्द्र सिंह नेगी,का. मोहन असवाल थाना विकासनगर पुलिस से निरीक्षक संजय कुमार चौकी प्रभारी कुलहाल, प्रवीण सैनी कांस्टेबल रहीस अन्य पुलिस बल शामिल था।

# पाकिस्तान में मंदिर जलाये जाने की निन्दा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कर सहायक नरेश कुमार सेठ के कार्यालय पर एक सभा आयोजित की गयी जिसमें पाकिस्तान में मंदिर जलाये जाने का कड़ा विरोध प्रकट किया गया। राज कुमार सीकरी ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये एवं उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाये। इस अवसर पर प्रेम ठक्कर, मनोहर लाल मिगलानी, मान सिंह ग्रोवर, नरेश कुमार सेठ, प्रेम ढल्ला, अशोक चोपड़ा, राजकुमारी सीकरी खैराती गगनेजा, इन्द्रपाल मदान, जगदीश सुखीजा, रोशन तागरा आदि उपस्थित थे।

# हजारों की स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत चलाए अभियान के क्रम में कुंडा पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक पर फर्राटा भर रहे एक नशे के सौदागर को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से हजारों रुपए कीमत की स्मैक बरामद किया। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार नशा कारोबारी का पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्त को कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक एसएसपी के निर्देश पर तेजतर्रार एस आई मनोहर चंद्र हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे इसी दौरान मंडी चौकी क्षेत्र में बैलजूड़ी चौराहे के पास से होकर बाइक संख्या यूके18 जी/8026 पर फर्राटा भर रहे मोहल्ला अल्ली खां निवासी फैजान पुत्र अनीस अहमद को पुलिस ने शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 05.12 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया। पकड़े गए नशा कारोबारी के खिलाफ पूर्व में भी कुंडा थाने में तीन एनडीपीएस के मुकदमे दर्ज है।



# अवैध उपखनिज से लदा डंपर सीज

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी हल्द्वानी एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी, गौला के दिशा-निर्देशन में वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान मानसून गश्त के तहत वन सुरक्षा दल प्रभारी प्रमोद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में टीम बुधवार को किच्छा सितारगंज मार्ग पर नियमित गश्त पर थी। टीम को एक 22 टायरा ट्रक तेजी से आता हुआ दिखाई दिया। ट्रक को जांच हेतु रोकने का इशारा किया गया। टीम को देखकर वाहन चालक डर की वजह से वाहन को कुछ दूरी पर मार्ग के किनारे रोककर भागने लगा। टीम ने पीछा किया लेकिन चालक पकड़ में नहीं आया। 22 टायरा डंपर संख्या यूपी25ईटी -8775 की तलाशी लेने पर वाहन में 10 एम.एम.गिट्टी लगभग 450 कुंटल लदा था, वाहन में उपखनिज अभिवहन संबंधी कोई भी वैध प्रपत्र नहीं पाएं गये। वाहन चालक/ स्वामी द्वारा भारतीय वन अधिनियम 1927 (उत्तरांचल संशोधन 2001) की धारा 41,42 के अंतर्गत दंडनीय अपराध करने पर वाहन को टीम द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर विभागीय संसाधनों की सहायता से शक्तिफार्म चौकी परिसर में राहुल वन बीट अधिकारी एवं कपिल कुमार वन बीट अधिकारी बाराकोली रेंज की सुपुर्दगी में विधिक कार्यवाही हेतु सुरक्षित खड़ा कर दिया गया। टीम में प्रमोद सिंह बिष्ट, प्रभारी वन सुरक्षा दल , दिनेश चंद्र बुधलाकोटी वन दरोगा, पान सिंह मेंहता,वन दरोगा, निर्मल रावत वन दरोगा, सोनू कुमार वन आरक्षी, नरेंद्र पांडे वन आरक्षी वाहन चालक चंदन सिंह मौजूद थे।



# लाखों की अफीम के साथ तीन तस्कर दबोचे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ उधम सिंह नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। तीन तस्करों को पुलिस ने 1.758 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ी गयी अफीम की कीमत 14 लाख आंकी गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी के निर्देश पर जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में खटीमा कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिज्टी रोड़ मजगमी तिराहा चौकी मझौला क्षेत्र से नशा तसकर धर्मेन्द्र कुमार अवस्थी पुत्र रामबहादुर निवासी सण्डाखास थाना निगोही शाहजहापुर उत्तर प्रदेश ,पंकज शुक्ला पुत्र विनोद कुमार शुक्ला निवासी आंमा वुजुर्ग ढका घनश्याम थाना बण्डा शाहजहापुर और हरीश कुमार पुत्र नन्हे लाल नि0 ग्राम भिण्डारा थाना न्यूरिया पीलीभीत को कुल 1.758 किलोग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार कर लिया। तीनों तस्कर आई-10 कार में अफीम ले जा रहे थे। पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया। पुलिस के मुताबिक बरामद अफीम की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 14 लाख है। माल बरामद करने वाली पुलिस टीम को एसएसपी ने 1,000 रुपए के नकद ईनाम की घोषणा की है। साथ ही कांस्टेबल हरेंद्र सिंह को पुलिस मैन ऑफ द मंथ देने की घोषणा की गई।



# विधायक शिव अरोरा ने किया सड़क का लोकार्पण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नं 25 के लोक विहार क्षेत्र में विधायक निधि से स्वीकृत दिव्य ज्योति जागृति संस्थान से सतीश देवरानी के घर तक सीसी रोड के निर्माण कार्य का विधायक शिव अरोरा ने लोकार्पण करते हुए मार्ग आम जन को समर्पित किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान को जाने वाला मार्ग जर्जर हालत में था। रुद्रपुर क्षेत्र में जाग्रति संस्थान के अनुयायी बहुत बड़ी संख्या में है जो समय समय पर होने वाले आश्रम में समागम में शामिल होने आते हैं। इस मार्ग के निर्माण की आवश्यकता थी उसका लोकार्पण कर दिया है। विधायक ने कहा हमारा उद्देश्य है कि समाज मे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास कार्य व सरकार की योजना का लाभ पहुँचे। जनता के सुझावों से रुद्रपुर विधानसभा का विकास तेज गति से सुनिश्चित कराने हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इस दौरान स्वामी उमेशानंद , पार्षद सुशील यादव, मण्डल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली,विजय भूषण गर्ग, भगवान सहाय, रोहित मित्तल, सतीश देवरानी, डी के शर्मा, जितेंद्र राजपूत, मयंक कक्कड़, भीमसेन गुप्ता, अर्पित सिंह, ललित बिष्ट, तरतील अहमद , सोनू वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# अभिनेत्री ऋतुपर्णा ने किया इला दीदी नाटक का मंचन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। विश्वविख्यात बांग्ला लेखिका बेबी हालदार द्वारा लिखित नाटक इला दीदी का बांग्ला सिनेमा,टेलीविजन की लोकप्रिय अभिनेत्री व प्रसिद्ध रंगकर्मी ऋतुपर्णा विश्वास द्वारा वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मंचन किया गया। स्त्री मुक्ति की थीम पर आधारित नाटक इला दीदी की एकल प्रस्तुति से उपस्थित सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए। अभिनेत्री ऋतूपर्णा ने अकेले कई किरदारों की भूमिका अदा की। इस नाटक के निर्देशक शुभेंदु बांग्ला फिल्म और टेलीविजन के चर्चित निर्देशक व अभिनेता हैं। इस अवसर पर प्रसिद्ध लेखिका बेबी हालदार ने अपने जीवन की कुछ व्यथा सुनाया। कार्यक्रम से माँ सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रवजलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर पलाश विश्वास, रुपेश सिंह,समीर रॉय,शालिनी सिंह,ओंकार सिंह ,शेखर पाखी,नवीन जोशी,पंकज रॉय,निर्मल सरकार, रामचंद्र राय,संजय बछाड़ ,जयंत मण्डल,मखान मण्डल, विश्वजीत हालदार,सुमित मण्डल,राजा हालदार,रविंद्र अग्रवाल,विक्की मण्डल,नरेश साना, अनुप सरकार,किशोर रॉय, समर देवनाथ, सूरज देवनाथ,देवेंद्र मेहरोत्रा, रंजीत हालदार, मिहिर अधिकारी, दिनेश दास, लक्की कालरा, राजकुमार डालमिया, मनोज राय, सव्यसाची हालदार,आदि लोग मौजूद थे।



## पेज एक का शेष...

**दर्दनाक हादसा करंट से...** में कई लोग आ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस वक्त हादसा हुआ उस समय साइट पर करीब 24 लोग मौजूद थे। करंट फैलने से वहां चीख पुकार मच गयी। करंट की चपेट में आने से 15 लोगों की मौत की खबर है। जबकि अन्य लोग झुलसे हैं। गंभीर हालत में कई लोगों को जिला अस्पताल ले जाया गया है। जहां कुछ की हालत चिंताजनक बनी हुयी है। डीएसपी प्रमोद शाह ने बताया कि कुछ घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। उनके चिकित्सीय परीक्षण के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। घटना से प्रशासन में हड़कम्प मचा हैं वही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी। फिल्हाल समाचार लिखे जाने तक मौत और घायलों की संख्या को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पायी थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने करंट से लोगों की मौत के मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही अधिकारियों को घटना की विस्तृत और गहन जांच के भी निर्देश दिए। उन्होंने डीएम चमोली से घटना की जानकारी ली। कहा कि घायलों को देहरादून लाया जा रहा है। उनके इलाज में कोई कमी नहीं होगी।

**वृद्धा पर हथौड़े से हमला...**अशोक लीलैंड पंतनगर में एक ही सेक्शन काम करते हैं । दीपक भाटिया जानबूझ कर उसके पति की पूरी सर्दियों भर 5 महीने नाईट शिफ्ट लगाइ। दीपक की पत्नी सिमरन एक स्कूल में ऑफिस में जॉब करती है । दीपक और उसके परिजनों के व्यवहार पर उसे बहुत गुस्सा आया उसे अन्दर ही अन्दर दीपक और उसके परिवार के लोगों के लिए नफरत होने लगी थी। रवलीन का कहना था उसे मालूम था दीपक, उसकी पत्नी , बहन सुबह घर से जॉब में चले जाते है केवल उसकी माँ ही घर पर रहती है। उसे मारने का प्लान बना लिया। उसने 7 जुलाई को स्कूल की छुट्टी ली और घर में किसी को नहीं बताया। दीपक भाटिया की माँ को मारने के लिए एक हथोडा , एक सफेद रस्सा बैग में रखा था उसे लेकर घर से निकलकर दीपक भाटिया के घर वाली गली में गयी । 11 जुलाई को दुबारा मुंह में कपड़ा बांधकर व काला बैग जिसमें हथोड़ा, रस्सा लेकर दीपक भाटिया के घर वाली गली में गयी ।दीपक के घर धीरे से गेट का दरवाजा खोलकर अन्दर गयी तो दीपक की मम्मी अन्दर वाले कमरे में थी। वह पूछने लगी की यहां क्यों आई हो जिसके बाद उसने दीपक की मम्मी का गला रस्सी से दबाया फिर हथोड़े से उनके सिर में कई वार किये और वहा से डर कर बाहर गली की ओर भाग गयी । फिर वापस अपने स्कूल तक पहुंच गयी । अपनी पहनी टी-शर्ट को अपने स्कूल के पास नाले में फेंक दिया।

**कल्याणी नदी में डूबा युवक...**तुरंत मौके पर पहुंची और खोजबीन शुरू की। घंटों की मशक्कत के बाद भी दोपहर तक युवक का सुराग नहीं लग पाया था। इस दौरान मौके पर एसपी क्राइम मनोज कत्याल , रुद्रपुर कोतवाल विक्रम राठौड़ ,रम्पुरा चौकी इंचार्ज के सी आर्य, समाजसेवी संजय ठुकराल ,विपिन शर्मा बिट्टू, बंटी कोली ,अंकित श्रीवास्तव आदि भी मौजूद रहे। युवक के लापता होने से परिजनों में कोहराम मचा है। परिजनों समेत तमाम लोगों ने कोतवाली पहुंचकर युवक को जल्द ढूंढने की मांग की। इस दौरान महिलाओं का कहना था कि युवक अवैध शराब की वजह से नदी में डूबा है। महिलाओं ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की। घटना की सूचना पर विधायक शिव अरोरा ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और परिजनों को ढांढस बंधाया।

**केंटीन संचालक पर...** कैन्टीन पर लड़ाई झगड़ा करने को भेजते है। राजकुमार का कहना है 18 जुलाई को रात्रि करीब 8:30 बजे उसकी दुकान पर हरिचन्द वैरागी व सुमित वैरागी पुत्रगण नित्ता वैरागी निवासी शिवनगर ट्रांजिट कैम्प तमंचा लेकर आये और गालिया देने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो सुमित वैरागी ने तमंचा दिखाते हुए तंमचे की बट से उसके सिर पर हमला कर दिया। दुकान में मौजूद लोगों की मदद से सुमित वैरागी से तमंचा छीन लिया। मारपीट में उसके सिर पर खुली व गम्भीर चोटे आयी है। दोनो भाई जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। भविष्य में भी उनसे उसे जान माल का खतरा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**चोरी की ...**टीम में कोतवाल विक्रम राठौर, वरिष्ठ उपनिरीक्षक कमला हसन, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अर्जुन गिरी, उपनिरीक्षक सुनील बिष्ट, उपनिरीक्षक महेश काण्डपाल, उपनिरीक्षक अशोक कुमार, उपनिरीक्षक संदीप शर्मा, कांस्टेबल अमित जोशी, महेन्द्र कुमार, विशाल रावत, दीप चन्द्र, चालक नरेश जोशी आदि शामिल रहे।

**दुकान में भड़की...** तुरंत दुकान पर पहुंचे। जब दुकान का शटर उठाया तो अन्दर आग लगी हुई थी। मामले की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई। जिसके बाद दमकल कर्मियों ने तुरंत आकर आग पर काबू पाया। दिलीप ने बताया कि इस घटना में उन्हें हजारों का नुकसान हुआ है। आग सम्भवतः शार्ट सर्किट से लगी है।

**सामिया बिल्डर्स के ...**, अकील अहमद व कम्पनी में कार्य करने वाले अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध रपट दर्ज कराते कहा है कि उससे सामिया लेक सिटी के बिजनिस पार्क में 22.50 लाख रूपये में दुकान का प्लाट बेचने का सौदा किया। जिसके बाद उससे धोखाधड़ी से 7.50 लाख की धनराशि हड़प ली। लेकिन प्लाट पर कब्जा नहीं दिया। रूपये वापस मांगने पर गालीगलौच कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों मामलों में रपट दर्ज कर ली है।

**शातिर चोर को ...**नौगजा कब्रिस्तान के पास से द्रोणासागर पार्क के समीप थाना आईटीआई निवासी आकाश चंद्र पुत्र ओमप्रकाश को संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए धर दबोचा। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 315 बोर का एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार जोर से जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया। शातिर चोर की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार चोर के खिलाफ थाना कोतवाली काशीपुर में चोरी व शस्त्र अधिनियम के आधा दर्जन मामले पंजीकृत हैं। पुलिस के अधिकारियों ने यह भी बताया कि पकड़े गए चोर की और कुंडली खंगाली गाली जा रही है।

# मंडी समिति की नीतियों से भड़के आढ़ती

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं की सबसे बड़ी हल्द्वानी की मंडी में कार्य कर रहे आढ़तियों में मंडी समिति की नीतियों से भारी रोष व्याप्त है। जिसके चलते गत दिवस आढ़तियों ने हड़ताल करते हुए मंडी के गेट को सांकेतिक रूप से बंद कर दिया था और मंडी समिति के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। व्यापारियों ने मंडी प्रशासन पर व्यवहारिक नीतियां लागू करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मंडी के अंदर 9 आर 6 आर को ऑनलाइन किया जा रहा है। जबकि कृषि मंत्री गणेश जोशी ने व्यापारियों को यह आश्वस्त किया था कि अभी ऑनलाइन व्यवस्था एक साल तक लागू नहीं की जाएगी। लेकिन मंडी प्रशासन इसको लागू कर रहा है। ऐसे में मंडी के व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोषित व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन व्यवस्था के साथ साथ ऑफ लाईन व्यवस्था को भी जारी रखा जाए। उनका मानना है की हल्द्वानी मंडी में कई आढ़तियों के पास ऑनलाइन व्यवस्था होना संभव नहीं है। लिहाजा ऑफलाइन व्यवस्था को भी बहाल रखा जाए ताकि आढ़तियों और किसानों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। उनका कहना है यदि मंडी प्रशासन ने आढ़तियों पर जबरन ऑन लाइन व्यवस्था थोपी तो इसका कड़ा विरोध किया जायेगा। रोष व्यक्त करने वालों में कैलाश जोशी, दीपक, जीवन कार्की, नीरज प्रभात गर्ग, हरीश जंतवाल, भुवन कार्की, प्रेम मदान, गंगा दत्त तिवारी, शेखर दत्त पलाडिया आदि तमाम आढ़ती शामिल थे।

# सखी सहेली ग्रुप ने मनाया वार्षिकोत्सव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सखी सहेली ग्रुप द्वारा अपना वार्षिकोत्सव बरेली रोड में विष्णुपुरी मंदिर में महाआरती के साथ मनाया। ग्रुप की अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय ने कहा कि ग्रुप का उद्देश्य गरीब, असहाय, वृद्धों की सेवा करना तथा धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सहयोग करना है। सखी सहेली ग्रुप के माध्यम से वृद्धाश्रम के वृद्धों की सेवा करी । संस्कृत विद्यालय व बेरी पड़ाव स्थित लक्ष्मी



मंदिर में तुलसी पूजन भी किया। महामंत्री सुमन वार्ष्णेय और कोषाध्यक्ष खुशबू जायसवाल ने कहा कि ग्रुप के माध्यम से धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम करते रहते हैं। कार्यक्रम में सभी सखियों ने नाचते गाते भजन कीर्तन करते हुए बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की संरक्षिका शकुंतला वार्ष्णेय, संरक्षिका सुचित्रा जायसवाल, विद्या महतोलिया, बेला तोलिया, सुमित्रा प्रसाद, तरुण सक्सेना एवं उनकी पूरी टीम, सखी सहेली ग्रुप की सभी सखियां मौजूद थीं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीवरेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000